## ABOUT THE BOOK

इस किताब को अग्रवाल एग्जामकार्ट के विशेषज्ञों की टीम ने तैयार किया है। इस पुस्तक को लाने में हमारी टीम ने बहुत मेहनत की है। टीम ने पिछले वर्षों के प्रामाणिक प्रश्नपत्रों को एकत्र किया, अलग-अलग प्रश्नों को विषयवार और टॉपिकवार किया और फिर प्रत्येक प्रश्न का विस्तृत हल प्रदान किया। इस पुस्तक के हल उन विशेषज्ञों द्वारा लिखे गए हैं जिनके पास विशाल शिक्षण अनुभव और छात्रों के चयन का सराहनीय ट्रैक रिकॉर्ड है। यही कारण है कि प्रत्येक हल व्यापक, सटीक और समझने में आसान है। कई बार इन प्रश्नों को समान प्रारूपों में दोहराया जाता है और इसलिए इन महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल करने से निश्चित रूप से आपको अपनी परीक्षा की तैयारी करने और अच्छे अंक प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### अन्य उपयोगी पुस्तकें



Buy books at great discounts on: www.examcart.in | www.amazon.in/examcart |

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!
CB1633

DSSSB सामान्य जागरूकता
Question Bank
ISBN - 978-93-6054-688-5
9 789360 546885
₹ 159

VOLUME 3

# DSSSB

PRTs,TGTs, PGTs, DASS
एवं अन्य परीक्षाओं के लिए

## सामान्य जागरूकता

DSSSB के विगत वर्षों के पेपर्स से सबसे महत्वपूर्ण प्रश्नों का

# Question Bank

निलोफर नेहा खान
(SHIKSHAALAYA)

**पुस्तक की मुख्य विशेषता**

"वर्ष 2014 से अब तक
130 परीक्षाओं के पेपर्स से चयनित
1200+ सबसे बेहतरीन प्रश्नों*
का अध्यायवार संग्रह"

*विशेषज्ञों द्वारा इन चयनित प्रश्नों का अभ्यास करके आप सामान्य जागरूकता के प्रश्नों को सरलता से हल कर पाएंगे।

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

| Code | Price | Pages | ISBN |
|---|---|---|---|
| CB1633 | ₹ 159 | 158 | 978-93-6054-688-5 |

# विषय सूची


➔ **Important Information** vii

➔ **DSSSB परीक्षा को प्रथम प्रयास में Crack करने का Secret** viii

## सामान्य जागरुकता

**इतिहास** **1-37**

**1. प्राचीन भारत का इतिहास (Ancient Indian History)** **1-8**

1. इतिहास जानने के स्रोत
2. सिन्धु घाटी सभ्यता
3. वैदिक सभ्यता
4. छठी शताब्दी (ई. पूर्व) के धार्मिक आन्दोलन (बौद्ध तथा जैन धर्म)
5. छठी शताब्दी (ई. पूर्व) राजनैतिक दशा (महाजनपद काल)
6. मौर्य काल
7. मौर्योत्तर काल
8. गुप्त काल
9. गुप्तोत्तर काल
10. संगम काल तथा दक्षिण भारतीय राज्य
11. पूर्व मध्य काल
12. विविध

**2. मध्यकालीन भारत का इतिहास (Medieval Indian History)** **9-15**

1. भारत पर मुस्लिम आक्रमण
2. दिल्ली सल्तनत का उदय
3. बहमनी तथा विजयनगर साम्राज्य
4. उत्तर तथा दक्षिण भारत के प्रांतीय राजवंश
5. मुगल वंश का उदय तथा पतन
6. मराठा राजवंश
7. सिख संप्रदाय
8. विविध

**3. आधुनिक भारत का इतिहास (Modern Indian History)** **16-24**

1. भारत में यूरोपियन कंपनियों का आगमन
2. ब्रिटिश की भारत विजय
3. प्रशासनिक संगठन और भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की संरचना (1757-1857)
4. अंग्रेजों की आर्थिक और सामाजिक-सांस्कृतिक नीति और उनके प्रभाव
5. 1857 का विद्रोह और उसका प्रभाव
6. सामाजिक धार्मिक सुधार
7. प्रेस और शिक्षा का विकास
8. राष्ट्रवाद का उदय (1858-1905) [कांग्रेस से पूर्व राजनैतिक संस्थाएँ, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, आदि]
9. राष्ट्रवादी आन्दोलन (1905-1917) (बंगाल विभाजन, स्वदेशी बहिष्कार आदि)
10. राष्ट्रवादी आंदोलन : गांधीवादी चरण (1917-1925) [सत्याग्रह, रॉलेट एक्ट, जलियाँवाला बाग हत्याकांड, असहयोग आंदोलन आदि]
11. स्वराज के लिए संघर्ष (1925-1939) [साइमन कमीशन, लाहौर अधिवेशन, गाँधी इरविन समझौता, आदि]
12. स्वतंत्रता संग्राम का अंतिम चरण (1940-1947) [अगस्त प्रस्ताव, क्रिप्स मिशन, भारत छोड़ो आन्दोलन, कैबिनेट मिशन, माउंटबेटन योजना आदि]
13. गवर्नर जनरल और वायसराय
14. विविध

**4. कला एवं संस्कृति (Art and Culture)** **25-37**

1. भारतीय नृत्य
2. भारतीय चित्रकला
3. भारतीय संगीत
4. भारतीय वास्तुकला
5. भौगोलिक संकेत
6. भारतीय हस्तशिल्प
7. भारतीय रंगमंच और कठपुतली कला
8. भारतीय मेले और त्योहार
9. यूनेस्को की मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासतें
10. विविध

## भूगोल 38-63

**5. भारत का भूगोल (Indian Geography) 38-51**

1. भारत का सामान्य परिचय
2. भारत का भौतिक विभाजन
3. भारत का अपवाह तंत्र
4. भारत की जलवायु
5. भारत की प्राकृतिक वनस्पति
6. भारत में वन्य जीव और राष्ट्रीय उद्यान
7. भारत की मृदा
8. भारत में प्राकृतिक एवं खनिज संसाधन
9. भारत में ऊर्जा संसाधन
10. भारत में कृषि और सम्बद्ध गतिविधियाँ एवं सिंचाई
11. भारत में उद्योग
12. भारत में परिवहन
13. भारत की प्रजातियाँ
14. भारत जनसांख्यिकी
15. भारत की बहुद्देशीय परियोजनाएँ
16. भारत में अनुसंधान केन्द्र
17. भारत में पर्यटन स्थल
18. विविध

**6. विश्व का भूगोल (World Geography) 52-60**

1. ब्रह्माण्ड एवं सौरमंडल
2. पृथ्वी (उत्पत्ति, भूगर्भीय इतिहास, गतियाँ तथा काल्पनिक रेखाएँ आदि)
3. पृथ्वी की आंतरिक संरचना
4. विश्व की मृदा
5. वायुमंडल (वायु-दाब, आर्द्रता)
6. विश्व के समुद्र (लवणता, ज्वारभाटा, प्रमुख गर्तें, आदि)
7. महासागरीय धाराएँ
8. सुनामी, चक्रवात और अन्य प्राकृतिक आपदाएँ
9. विश्व की पर्वत श्रेणियाँ
10. विश्व के प्रमुख पठार
11. विश्व के शुष्क प्रदेश/मरुस्थल
12. विश्व की नदियाँ (उनके किनारे स्थित नगर, जलप्रपात, आदि)
13. विश्व की प्रमुख झीलें
14. विश्व के प्रमुख जलडमरूमध्य तथा स्थल मरुस्थल
15. विश्व के प्रमुख द्वीप
16. विश्व की प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्य जीव
17. प्रवाल भित्तियाँ
18. विश्व/महाद्वीपों/देशों के बारे में तथ्य (राजधानी, मुद्रा आदि)
19. विविध

**7. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी (Environment and Ecology) 61-63**

1. पारिस्थितिकी और पारिस्थितिकी तंत्र
2. पर्यावरण प्रदूषण और अवनयन
3. जीवमंडल और जैव विविधता
4. पर्यावरण आन्दोलन
5. अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण संगठन, कानून और सम्मेलन
6. विविध

## राजनीति शास्त्र 64-91

**8. भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान (Indian Polity and Constitution) 64-91**

1. भारतीय संविधान सभा
2. भारतीय संविधान के भाग, अनुच्छेद तथा अनुसूचियाँ
3. भारतीय संविधान के स्रोत
4. नागरिकता
5. मूल अधिकार
6. राज्य के नीति निर्देशन तत्त्व
7. शासन प्रणाली
8. राष्ट्रपति
9. उप-राष्ट्रपति
10. प्रधानमंत्री, मंत्रि परिषद् तथा मंत्रिमंडलीय समितियाँ
11. महान्यायवादी तथा महालेखा परीक्षक
12. संसद (संसदीय समितियाँ, मंच एवं समूह)
13. भारतीय न्यायपालिका (सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, अधिकरण, आदि)
14. राज्यपाल
15. मुख्यमंत्री तथ मंत्रिपरिषद्

16. राज्य विधानमंडल
17. केंद्र-राज्य तथा अंतर्राज्यीय सम्बन्ध
18. आपातकालीन प्रावधान
19. स्थानीय स्वशासन तथा सहकारिता
20. कुछ राज्यों के लिए विशेष प्रावधान
21. संविधान संशोधन
22. भारत में चुनाव एवं निर्वाचन आयोग
23. विभिन्न आयोग तथा परिषद्
24. राजनैतिक दल तथा दल परिवर्तन कानून
25. विविध

## अर्थशास्त्र 92-102

**9. भारतीय अर्थव्यवस्था (Indian Economy)** 92-102

1. राष्ट्रीय आय
2. मुद्रास्फीति एवं व्यापार
3. वृद्धि, विकास एवं खुशहाली
4. आर्थिक नियोजन तथा सुधार
5. कृषि एवं खाद्य प्रबंधन
6. उद्योग एवं विनिर्माण
7. सेवा क्षेत्र
8. गरीबी एवं बेरोजगारी
9. भारतीय वित्त बाजार
10. भारत में बैंकिंग तथा बीमा व्यवस्था
11. भारत में प्रतिभूति बाजार
12. भारत में लोक वित्त
13. भारत में कर संरचना
14. भारत में मानव विकास
15. भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संगठन
16. विविध

## विज्ञान 103-125

**10. भौतिक विज्ञान (Physics)** 103-107

1. मापन एवं विमाएँ
2. पदार्थों के भौतिक गुण
3. बल एवं गति
4. कार्य, शक्ति एवं ऊर्जा
5. गुरुत्वाकर्षण बल और त्वरण
6. ऊष्मा एवं ऊष्मागतिकी
7. तरंग चलन
8. प्रकाश
9. प्रकाशीय उपकरण
10. आधुनिक भौतिकी
11. प्रमुख आविष्कार एवं उनके आविष्कारक
12. विविध

**11. रसायन विज्ञान (Chemistry)** 108-112

1. पदार्थ और उसकी अवस्थाएँ
2. परमाणु संरचना
3. भौतिक और रासायनिक परिवर्तन
4. तत्वों का वर्गीकरण
5. अम्ल, क्षार तथा लवण
6. धातु, अधातु और उपधातु
7. खनिज, अयस्क और मिश्र धातु
8. कुछ महत्वपूर्ण तत्व एवं यौगिक
9. कार्बनिक यौगिक
10. ईंधन तथा दहन
11. मानव निर्मित वस्तुएँ
12. प्रमुख आविष्कार एवं उनके आविष्कारक
13. विविध

**12. जीव विज्ञान (Biology)** 113-120

1. जीवों का वर्गीकरण
2. कोशिका एवं ऊतक
3. पादप कार्यिकी
4. मानव शरीर के तंत्र
5. हॉर्मोन तथा प्रकिण्व
6. पोषण और उनकी कमी से होने वाले रोग
7. सूक्ष्म जीव एवं उनसे होने वाली बीमारियाँ
8. मानव शरीर से सम्बन्धित अन्य रोग
9. आनुवंशिकी तथा जैव विकास
10. विविध

**13. विज्ञान और प्रौद्योगिकी (Science and Technology)** **121-125**

1. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी
2. रक्षा प्रौद्योगिकी
3. जैव प्रौद्योगिकी
4. परमाणु प्रौद्योगिकी
5. रोबोटिक्स और स्वचालन
6. नैनो प्रौद्योगिकी
7. सूचना और संचार प्रौद्योगिकी
8. रोग और विभिन्न टीकाकरण कार्यक्रम
9. विविध

**कम्प्यूटर** **126**

**14. कम्प्यूटर (Computer)** **126**

1. कम्प्यूटर का परिचय
2. इन्टरनेट एवं ईमेल

**विविध** **127-158**

**15. सामान्य ज्ञान (General Knowledge )** **127-158**

1. भारत एवं विश्व में प्रथम व्यक्ति
2. भारत एवं विश्व में प्रथम महिला
3. विश्व एवं भारत के प्रमुख व्यक्तित्व
4. प्रमुख व्यक्तियों के उपनाम
5. प्रमुख व्यक्तियों से संबंधित स्थल
6. महान व्यक्तियों से संबंधित कार्य
7. समाधि स्थल
8. भारत एवं विश्व में सबसे बड़ा, लम्बा, ऊँचा
9. भारत एवं विश्व के राष्ट्रीय स्मारक
10. भारत एवं विश्व के राष्ट्रीय चिह्न
11. अंतर्राष्ट्रीय सीमाएँ
12. सयुंक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य प्रमुख संगठन
13. भारत एवं विश्व के प्रमुख पर्यटन स्थल
14. भारत के प्रमुख संस्थान
15. राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय वर्ष, सप्ताह तथा दिवस
16. विश्व एवं भारत के पुरस्कार एवं सम्मान
17. प्रमुख लेखक एवं उनकी पुस्तकें
18. खेलकूद तथा उनसे सम्बन्धित पुरस्कार
19. महत्वपूर्ण सूचकांक

# अध्याय 1 प्राचीन भारत का इतिहास (Ancient Indian History)

## 1. इतिहास जानने के स्रोत

**1.** .......10 मंडलों में विभाजित 1,028 ऋचाओं का संग्रह है।
(A) यजुर्वेद (B) अथर्ववेद
(C) ऋग्वेद (D) सामवेद
**[DSSSB TGT Natural Science (Female) 27-09-2021 (I-Shift)]**

**2.** शिलालेखों का अध्ययन ........... कहलाता है।
(A) एथनोग्राफी (B) न्यूमिस्मैटिक्स
(C) आर्कियोलॉजी (D) एपिग्राफी
**[DSSSB DASS (Grade-II), 23-07-2019 (Shift-I)]**

## 2. सिन्धु घाटी सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी सभ्यता एक ........... युग की सभ्यता थी।
(A) ताँबा (B) लोहा
(C) कांस्य (D) पत्थर
**[DSSSB (PRT) 26-03-2022 (द्वितीय पाली)]**

**4.** बनावली हरियाणा के किस जिले में हिन्दू घाटी सभ्यता काल से संबंधित पुरातत्व स्थल है ?
(A) सिरसा (B) कुरुक्षेत्र
(C) फतेहाबाद (D) जींद
**[DSSSB (PRT) 26-03-2022 (तृतीय पाली)]**

**5.** भारतीय का नाम जो मोहनजोदड़ो की खोज के साथ जुड़ा था—
(A) आर. डी. बनर्जी
(B) आर. डी. चटर्जी
(C) डब्ल्यू. सी. बनर्जी
(D) एस. एन. बनर्जी
**[DSSSB (PRT) 02-02-2014 (प्रथम पाली)]**

**6.** किस हड़प्पा के स्थल में एक जुते हुए खेत की खुदाई के साक्ष्य पाये गए हैं—
(A) राखीगढ़ी (B) कोट दिजी
(C) नागेश्वर (D) कालीबंगा
**[DSSSB DASS (Grade-II), 24-07-2019 (Shift-III)]**

**7.** हड़प्पा स्थल लोथल .......... में स्थित है।
(A) राजस्थान (B) गुजरात
(C) हरियाणा (D) पंजाब
**[DSSSB DASS (Grade-II), 23-07-2019 (Shift-I)]**

**8.** हड़प्पा सभ्यता के दौरान निम्नलिखित में से किस सामग्री का उपयोग किया गया था ?
I. प्लास्टिक
II. टेराकोटा
III. रबर
(A) प्रथम व द्वितीय (B) द्वितीय व तृतीय
(C) केवल तृतीय (D) केवल द्वितीय
**[DSSSB LDC, 18-08-2019 (Shift-I)]**

**9.** कौन–सा वृहद् हड़प्पाई स्थल हरियाणा में स्थित है?
(A) धौलावीरा (B) राखीगढ़ी
(C) कालीबंगा (D) आलमगीरपुर
**[DSSSB DASS Grade-IV, 17-09-2017]**

**10.** सिंधु–सभ्यता का प्राचीन बंदरगाह कौन–सा था?
(A) हड़प्पा (B) लोथल
(C) धौलावीरा (D) सुरकोटड़ा
**[DSSSB Lower Division Clerk, 30-07-2015]**

**11.** हड़प्पावासी किस प्रकार की प्राचीन लिपि का उपयोग करते थे?
(A) चित्रलिपि (B) रेखीय
(C) सांकेतिक (D) प्रतीकात्मक
**[DSSSB Prashasnik Adhikari, 31-05-2015]**

**12.** हड़प्पा स्थल ................. नदी के तट पर स्थित है।
(A) सरस्वती (B) सिन्धु
(C) व्यास (D) रावी
**[DSSSB Lower Division Clerk LDC, 16-12-2014]**
**[DSSSB Maitran and Warder, 29-06-2014]**

## 3. वैदिक सभ्यता

**13.** किस वेद में श्वेताश्वतरोपनिषद् सन्निहित है ?
(A) अथर्ववेद (B) ऋग्वेद
(C) सामवेद (D) यजुर्वेद
**[DSSSB (PRT) 26-03-2022 (द्वितीय पाली)]**

**14.** वेदों की कुल संख्या है—
(A) चार (B) सात
(C) पाँच (D) तीन
**[DSSSB TGT Math (Male) 02-09-2021(I-Shift)]**

**15.** ऋग्वेद वैदिक संस्कृत भजनों का एक प्राचीन भारतीय संग्रह है। इनमें ........... मंडल हैं।
(A) 15 (B) 25
(C) 10 (D) 20
**[DSSSB PGT Hindi (Male), 18-07-2021 (Shift-II)]**

**16.** निम्नलिखित में से कौन–सा भारतीय दर्शनशास्त्र का विद्यालय नहीं है।
(A) वेदांत (B) सांख्य
(C) ग्रामिका (D) न्याय
**[DSSSB DASS (Grade-II), 24-07-2019 (Shift-III)]**

**17.** प्राचीन भारत में, सबसे छोटे अविभाज्य कण का पहला सिद्धांत जिसे परमाणु के नाम से जाना जाता है निम्नलिखित में से किस ग्रंथ में मिलता है?
(A) सुश्रुत संहिता (B) वैशेषिक सूत्र
(C) रसरत्नकार (D) वृहद् संहिता
**[DSSSB DASS (Grade-II), 23-07-2019 (Shift-II)]**

**18.** निम्नलिखित वेदों में से किसे 'गीत और संगीत के वेद' के रूप में जाना जाता है?
(A) यजुर (B) साम
(C) अथर्व (D) ऋग
**[DSSSB PGT Stenographer (Hindi)]**

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?
(A) वैशेषिक सूत्र – बदरायण
(B) ब्रह्मसूत्र – उलूक कणाद
(C) सांख्यकारिका – शंकर
(D) मीमांसा सूत्र – जैमिनी
**[DSSSB DASS (Grade-II), 22-07-2019 (Shift-III)]**

**20.** उस हिंदू देवता का नाम बताइए जिनके चित्रों में कृषि हल आमतौर पर हथियार (आयुध) के रूप में होता है।
(A) बलराम (B) गणेश
(C) परशुराम (D) सुब्रमण्या
**[DSSSB DASS (Grade-II), 19-07-2019 (Shift-I)]**

**21.** सांख्य, प्राचीन भारत के छह दार्शनिक धाराओं में से एक है, इसके प्रतिपादक हैं—
(A) पतंजलि (B) कपिल
(C) गौतम (D) जैमिनी
**[DSSSB (PRT) 14-10-2018 (प्रथम पाली)]**

## 4. छठी शताब्दी (ई. पूर्व) के धार्मिक आन्दोलन (बौद्ध तथा जैन धर्म)

**22.** त्रिपिटक शास्त्रों के सिद्धान्त (कैनन ऑफ स्क्रिप्चरस) ............ के लिए एक शब्द है।
(A) हिन्दू
(B) हिन्दू और बौद्ध दोनों
(C) बौद्ध
(D) जैन
**[DSSSB (PRT) 26-03-2022 (प्रथम पाली)]**

**23.** बौद्ध परिषदों की कुल संख्या है–
(A) सात (B) छह
(C) पाँच (D) तीन
**[DSSSB (PRT) 26-03-2022 (प्रथम पाली)]**

**24.** निम्नलिखित में से कौन गौतम बुद्ध के समकालीन थे?
(A) नागार्जुन (B) कनिष्क
(C) कौटिल्य (D) महावीर
**[DSSSB (PRT) 02-02-2014 (प्रथम पाली)]**

**25.** तीसरी बौद्ध परिषद् की तारीख क्या थी?
(A) 227 ईसा पूर्व (B) 383 ईसा पूर्व
(C) 250 ईसा पूर्व (D) 235 ईसा पूर्व
**[DSSSB (PRT) 07-10-2018 (प्रथम पाली)]**

**26.** दिगंबर और श्वेतांबर इनमें से किस भारतीय धर्म की उप–परंपराएँ हैं?
(A) जैन धर्म (B) बौद्ध धर्म
(C) हिन्दू धर्म (D) सिख धर्म
**[DSSSB TGT Hindi (Female) 04-09-2021(III-Shift)]**

**27.** अंगुत्तर निकाय संबंधित है–
(A) हिन्दू धर्म (B) ईसाई धर्म
(C) जैन धर्म (D) बौद्ध
**[DSSSB TGT Math (Male) 02-09-2021(I-Shift)]**

**28.** महायान और हीनयान क्या हैं ?
(A) महायान का अर्थ है। महान वाहन। हीनयान का अर्थ है छोटा वाहन या कम वाहन
(B) हिन्दू धर्म के दो प्रमुख सम्प्रदाय
(C) महात्मा बुद्ध के दो शिष्यों के नाम
(D) महात्मा बुद्ध के छात्रों द्वारा लिखित पुस्तकों के नाम
**[DSSSB TGT Math (Male) 02-09-2021(III-Shift)]**

**29.** मिलिन्दपन्ह एक बौद्ध ग्रन्थ है जो शुरू में किस भाषा में लिखा गया होगा ?
(A) हिन्दी (B) संस्कृत
(C) अंग्रेजी (D) उर्दू
**[DSSSB TGT Math (Male) 02-09-2021(III-Shift)]**

**30.** निम्नलिखित में से किसने 'अनुव्रत' की अवधारणा प्रदान की?
(A) हीनयान बौद्ध धर्म
(B) महायान बौद्ध धर्म
(C) इस्लाम
(D) जैन धर्म
**[DSSSB PGT Fine Arts (Male), 17-07-2021 (I-Shift)]**

**31.** गौतम बुद्ध के जीवन की घटनाओं के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?
(A) जन्म:लुम्बिनी
(B) निर्वाण: बोध गया
(C) मृत्यु:कुशीनगर
(D) प्रथम उपदेश:अमरावती
**[DSSSB DASS (Grade-II), 24-07-2019 (Shift-I)]**

**32.** 'तीर्थंकर' किस धर्म से सम्बन्धित है?
(A) जैन धर्म (B) बौद्ध धर्म
(C) यहूदी धर्म (D) सिख धर्म
**[DSSSB LDC, 23-08-2019 (Shift-I)]**

**33.** एक प्रकार के धार्मिक साहित्य 'जातक', निम्नलिखित में से किस धर्म से सम्बन्धित है?
(A) बौद्ध धर्म (B) यहूदी धर्म
(C) सिख धर्म (D) जैन धर्म
**[DSSSB LDC, 23-08-2019 (Shift-II)]**

## 5. छठी शताब्दी (ई. पूर्व) राजनैतिक दशा (महाजनपद काल)

**34.** पांडवों के शासन के दौरान ................ को 'इंद्रप्रस्थ' पुस्तक कहा जाता था।
(A) दिल्ली (B) आगरा
(C) कलकत्ता (D) जयपुर
**[DSSSB LDC, 18-08-2019 (Shift-III)]**

**35.** निम्नलिखित में से किस महाजनपद की राजधानी वैशाली थी?
(A) अवंती (B) मगध
(C) वज्जी (D) पंचाल
**[DSSSB PGT Maths (Female), 10-07-2021 (Shift-I)]**

**36.** सिंधु घाटी के बाद एक प्रमुख सभ्यता, महाजनपद किस काल/युग में स्थापित हुआ था ?
(A) मध्यपाषाण काल (B) नवपाषाण काल
(C) ताम्र पाषाण युग (D) लौह युग
**[DSSSB (PRT) 30-03-2022 (प्रथम पाली)]**

**37.** सोलह महाशक्तियाँ (महाजनपद) किस शताब्दी में अस्तित्व में थीं ?
(A) तीसरी और चौथी शताब्दी ई.पू.
(B) 8वीं और 9वीं शताब्दी ईसा पूर्व
(C) 7वीं और प्रारंभिक 6वीं शताब्दी ई.पू.
(D) पहली और दूसरी शताब्दी ई.पू.
**[DSSSB TGT Math (Male) 04-09-2021(I-Shift)]**

**38.** झेलम और चिनाब नदियों के बीच के राज्य का शासक कौन था ?
(A) डेरियस III (B) अलेक्जेंडर द ग्रेट
(C) राजा पोरस (D) चन्द्रगुप्त मौर्य
**[DSSSB DASS (Grade-II), 19-07-2019 (Shift-III)]**

## 6. मौर्य काल

**39.** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है?
I. मेगस्थनीज, सेल्यूकस निकेटर का राजदूत था।
II. अशोक ऐसे पहले शासक थे, जिन्होंने अभिलेखों द्वारा जनता तक अपने संदेश पहुँचाने की कोशिश की।
(A) केवल II (B) I तथा II दोनों
(C) केवल I (D) न तो I न ही II
**[DSSSB (PRT) 07-03-2022 (द्वितीय पाली)]**

**40.** दुनिया के इतिहास में एकमात्र राजा कौन है जिसने युद्ध जीतने के बाद युद्ध को त्याग दिया?
(A) औरंगजेब (B) चंद्रगुप्त
(C) टीपू सुल्तान (D) अशोक
**[DSSSB (PRT) 13-11-2019 (तृतीय पाली)]**

**41.** मेगस्थनीज एक राजदूत था जिसे पश्चिम एशिया के यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर ने किस भारतीय शासक के दरबार में भेजा था ?
(A) राजाराजा चोल
(B) अशोक
(C) चन्द्रगुप्त
(D) बिन्दुसार
**[DSSSB (PRT) 11-11-2019 (प्रथम पाली)]**

**42.** चंद्रगुप्त मौर्य ............. था।
(A) अशोक का परदादा
(B) अशोक का भाई
(C) अशोक का पिता
(D) अशोक का दादा
**[DSSSB Moteor Vehicle Inspector, 28-12-2014]**

## 7. मौर्योत्तर काल

**43.** अश्वघोष जो राजा .......... के दरबार में रहता था, उसने बुद्धचरित लिखी।
(A) कनिष्क (B) बाबर
(C) विक्रमादित्य (D) अशोक
**[DSSSB (PRT) 30-11-2014]**

**44.** बाणभट्ट किस भारतीय शासक के दरबारी कवि थे ?
(A) जहाँगीर (B) अशोक
(C) हर्षवर्धन (D) चंद्रगुप्त
**[DSSSB (PRT) 13-11-2019 (तृतीय पाली)]**

45. निम्नलिखित में से किस वंश के शासकों को 'दक्षिणापथ' के स्वामी के रूप में जाना जाता था?
(A) पंड्या (B) सातवाहन
(C) चेरेस (D) चोल
**[DSSSB (PRT) 14-11-2019 (प्रथम पाली)]**

46. कुषाण काल में सबसे बड़ा विकास किस क्षेत्र में हुआ था?
(A) साहित्य (B) औषधि
(C) कला (D) धर्म
**[DSSSB DASS (Grade-II), 22-07-2019 (Shift-II)]**

47. मौर्य प्रशासन में कर्मंतिका की क्या भूमिका थी?
(A) उद्योगों और कारखानों के प्रमुख
(B) गृह रक्षा के प्रमुख
(C) कोषाध्यक्ष
(D) प्रमुख कमांडर
**[DSSSB DASS (Grade-II), 16-07-2019 (Shift-I)]**

48. किस मौर्य सम्राट को अमित्रघात (दुश्मनों का नाश करने वाला) कहा जाता है?
(A) बिन्दुसार (B) चन्द्रगुप्त मौर्य
(C) अशोक (D) समुद्रगुप्त
**[DSSSB DASS (Grade-II), 16-07-2019 (Shift-II)]**

## 8. गुप्त काल

49. किस भारतीय शासक की अदालत में कवि कालिदास तथा खगोल वैज्ञानिक आर्यभट्ट उपस्थित थे ?
(A) चन्द्रगुप्त II (B) चन्द्रगुप्त
(C) समुद्रगुप्त (D) अशोक
**[DSSSB (PRT) 11-11-2019 (तृतीय पाली)]**

50. महाराजाधिराज की उपाधि निम्नलिखित में से किस शासक से सम्बन्धित है?
(A) घटोत्कच (B) चंद्रगुप्त प्रथम
(C) यशोधर्मन (D) समुद्रगुप्त
**[DSSSB TGT Natural Science (Male) 07-09-2021 (III-Shift)]**

51. किस गुप्त राजा को 'विक्रमादित्य' के नाम से जाना जाता है?
(A) चन्द्रगुप्त II (B) स्कंदगुप्त
(C) कुमारगुप्त (D) समुद्रगुप्त
**[DSSSB DASS (Grade-II), 25-07-2019 (Shift-I)]**

52. 'प्रयाग प्रशस्ति'______की प्रशंसा में लिखी गई।
(A) पुष्पमित्र शुंग (B) बिन्दुसार
(C) चंद्रगुप्त मौर्य (D) समुद्रगुप्त
**[DSSSB DASS (Grade-II), 23-07-2019 (Shift-II)]**

53. विक्रमादित्य की उपाधि किसने धारण की थी?
(A) अशोक (B) बिन्दुसार
(C) चन्द्रगुप्त II (D) समुद्रगुप्त
**[DSSSB Grade-III, 24-09-2017]**

## 9. गुप्तोत्तर काल

54. निम्न में से कौन–सा कथन सही है?
I. ऐहोल चालुक्य वंश की राजधानी थी।
II. हर्षचरित बाणभट्ट के द्वारा लिखा गया था।
(A) केवल I (B) न तो I न ही II
(C) केवल II (D) I तथा II दोनों
**[DSSSB (PRT) 24-03-2022 (तृतीय पाली)]**

55. .............,ह्वेनसांग, हर्षवर्धन के शासनकाल के दौरान भारत आया था।
(A) फ्रांसिस ट्रैवलर
(B) पुर्तगाली यात्री
(C) चीनी यात्री
(D) रूसी यात्री
**[DSSSB TGT Natural Science (Male) 07-09-2021 (II-Shift)]**

## 10. संगम काल तथा दक्षिण भारतीय राज्य

56. गौतमी पुत्र श्री शातकर्णी ........... वंश के राजा थे।
(A) चोल (B) चेर
(C) पांड्य (D) सातवाहन
**[DSSSB (PRT) 25-03-2022 (प्रथम पाली)]**

57. राजराज 1 ......... वंश के शासक थे।
(A) चंडेला (B) चोल
(C) चालुक्या (D) पल्लव
**[DSSSB (PRT) 24-03-2022 (द्वितीय पाली)]**

58. चालुक्य की .............. राजधानी थी?
(A) वैशाली (B) पाटलिपुत्र
(C) एहोल (D) सारनाथ
**[DSSSB Physical Education Teacher, 02-08-2021 (Shift-III)]**

59. प्रसिद्ध शासक हर्षवर्धन निम्नलिखित में से किस राजवंश से संबंधित थे?
(A) शुंग (B) मौखरि
(C) प्रतिहार (D) पुष्यभूति
**[DSSSB DASS (Grade-II), 23-07-2019 (Shift-I)]**

## 11. पूर्व मध्य काल

60. आधुनिक भारत का कौन-सा स्थान काकतीय राजवंश से संबंधित है?
(A) मैसूर (B) औरंगाबाद
(C) मदुरै (D) बारंगल
**[DSSSB DASS (Grade-II), 25-07-2019 (Shift-I)]**

61. आल्हा और उदल नाम के प्रसिद्ध योद्धा ....... शासकों के घराने की सेवा करते थे।
(A) तोमर (B) परमार
(C) चंदेल (D) चाहमान
**[DSSSB DASS (Grade-II), 19-07-2019 (Shift-II)]**

62. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में पाल वंश भारत में स्थित था?
(A) बंगाल (B) दिल्ली
(C) मैसूर (D) तमिलनाडु
**[DSSSB DASS (Grade-II), 16-07-2019 (Shift-II)]**

## 12. विविध

63. मिस्र में प्राचीन प्रकार के लेखन का क्या नाम है जिसमें मुख्य रूप से अक्षरों के स्थान पर चित्रों का उपयोग किया जाता है? इस प्रकार का लेखन मिस्र के स्मारकों में व्यापक रूप से पाया जा सकता है।
(A) चेरोकी लेखन (B) चित्रलिपि लेखन
(C) जयहू लेखन (D) एन्तुरियाई लेखन
**[DSSSB DASS (Grade-II), 19-07-2019 (Shift-I)]**

64. मैन्युस्क्रिप्ट प्रायः कहाँ पर लिखी जाती थी?
(A) पहाड़ों (B) कागज
(C) ताड़पत्र (D) पत्थर
**[DSSSB PGT Economics (Female), 17-07-2021 (Shift-II)]**

65. महाभारत में द्रोणाचार्य का पुत्र कौन था?
(A) धृष्टद्युम्न (B) घटोत्कच
(C) अश्वत्थामा (D) युयुत्सु
**[DSSSB DASS (Grade-II), 24-07-2019 (Shift-I)]**

66. प्राचीन भारतीय इतिहास के अनुसार किस आधुनिक शहर का प्राचीन नाम भगवान राम के पुत्र लव की नगरी, लापुरी था?
(A) लखनऊ (B) लखनपुर
(C) लाहौर (D) लुधियाना
**[DSSSB DASS (Grade-II), 19-07-2019 (Shift-I)]**

67. अपनी यात्रा के दौरान, सिन्धु नदी अटक के पास की पहाड़ियों से निकलती है। इस स्थान के निकट एक सहायक नदी के रूप में मिलने वाली नदी है।
(A) गिलगित (B) गोमल
(C) काबुल (D) विबोआ
**[DSSSB DASS (Grade-II), 19-07-2019 (Shift-III)]**

68. नालंदा की स्थापना कौन-सी शताब्दी ईस्वी में हुई थी?
(A) पाँचवीं (B) चौथी
(C) तीसरी (D) छठवीं
**[DSSSB PGT Political Science (Male), 04-07-2021 (Shift-II)]**

## व्याख्यात्मक हल

### 1. इतिहास जानने के स्रोत

1. (C) ● ऋग्वेद 10 मंडलों में विभाजित 1028 कथाओं का संग्रह है, यह चार वेदों में सबसे प्राचीन है। हिन्दू धर्म में वेदों का स्थान सर्वोच्च है, वेद हमारे धर्म के पवित्र साहित्य हैं तथा वेद विश्व के सबसे पुराने साहित्य भी हैं।
   - वेदों की रचना ऋषि कृष्ण द्वैपायन ने की थी, इन्हें आज वेदव्यास भी कहा जाता है। चार वेदों के नाम निम्नलिखित हैं:
     - ऋग्वेद
     - यजुर्वेद
     - सामवेद
     - अथर्ववेद
   - यजुर्वेद में यज्ञ से सम्बन्धित क्रियाओं का उल्लेख किया गया है।
   - सामवेद शब्द में साम का अर्थ संगीत से है, इस वेद में ऋग्वेद के मंत्रों का संगीतमय प्रस्तुति है। यह वेद संगीतशास्त्र का मूल आधार है, इस वेद में 1824 संगीतमय मन्त्र हैं।
   - अथर्ववेद में कुल 20 अध्याय है, तथा 730 सूक्त और 5987 मन्त्र हैं।

2. (D) ● शिलालेखों का अध्ययन एपिग्राफी कहलाता है।
   - किसी प्राचीन भवन या स्मृति चिह्न पर अंकित किया हुआ कोई ऐसा लेख जो किसी प्राचीन लिपि में अंकित हो, पुरालेख कहलाता है।
   - विभिन्न जातियों और संस्कृतियों का वैज्ञानिक विवरण, नृजाति या एथनोग्राफी कहलाता है।
   - सिक्कों एवं अन्य मुद्राओं के अध्ययन को न्यूमिस्मैटिक कहा जाता है।

### 2. सिन्धु घाटी सभ्यता

3. (C) सिंधु सभ्यता एक कांस्य युग की सभ्यता थी, सिंधु सभ्यता को कास्य युगीन सभ्यता इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यहाँ के लोग बड़े पैमाने पर कांसे से बनी वस्तुओं का प्रयोग करते थे तथा वे धातु मिश्रण करना भी सीख गए थे। कांसा, ताँबा और टिन की एक मिश्र धातु है, सिंधु सभ्यता के विभिन्न स्थानों से कांसे की अनेक वस्तुएँ प्राप्त हुई हैं जिनमें मोहनजोदड़ो से प्राप्त कांस्य नर्तकी की मूर्ति प्रमुख हैं।

4. (C) बनावली हरियाणा के फतेहाबाद जिले में सिंधु सभ्यता काल से संबंधित पुरातत्व स्थल है। बनावली से सिंधु सभ्यता से संबंधित बहुत सारी वस्तुएँ प्राप्त हुई हैं जिसमें मिट्टी से बने हल की आकृति प्रमुख है। इससे यह स्पष्ट होता है कि तत्कालीन समय में बनावली के लोग कृषि कार्य करते थे।

5. (A) 1922 में राखल दास बनर्जी के नेतृत्व में पाकिस्तान के सिंध प्रांत के 'लरकाना' जिले के मोहनजोदड़ो में स्थित एक बौद्ध स्तूप की खुदाई के समय इस सिंधु घाटी सभ्यता के स्थान का पता चला। 1930 के दशक में इस स्थल पर सर जॉन मार्शल, डी. के. दीक्षित और अर्नेस्ट मैके के नेतृत्व में खुदाई की गई। लॉर्ड अलेक्जेंडर कनिंघम को भारतीय पुरातत्व का पिता' कहते हैं।
   - मोहनजोदड़ो एक सिंधी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है 'मुर्दो का टीला'।

6. (D) ● कालीबंगा स्थल में एक जुते हुए खेत की खुदाई के साक्ष्य पाये जाते हैं।
   - कालीबंगा राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले का एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्थल है यहाँ सिंधु घाटी के महत्वपूर्ण अवशेष मिले थे तथा इस हड़प्पा स्थल से जुते हुये खेत के प्रमाण प्राप्त हुये हैं।
   - कालीबंगा की खोज 1952 में अमलानन्द घोष द्वारा की गई।
   - कालीबंगा का अर्थ है—"काली चूढ़ियाँ"।

7. (B) ● हड़प्पा स्थल लोथल गुजरात में स्थित है।
   - यह प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता के शहरों में से एक बहुत ही महत्वपूर्ण शहर है।
   - लोथल, सिंधु सभ्यता का प्रमुख बंदरगाह था।
   - इसकी खोज सबसे पहले 1955 में डॉ. एस.आर. राव द्वारा की गयी।
   - लोथल अहमदाबाद के पास भोगवा नदी के किनारे अवस्थित है।

8. (D) ● हड़प्पा के लोगों ने टेराकोटा, धातु और पत्थर जैसी सामग्रीयों से मूर्तियाँ, मुहरें, मिट्टी के बर्तन और गहने बनाए।
   - सिंधु घाटी सभ्यता को हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है। यह एक प्राचीन नगरीय सभ्यता थी।

9. (B) ● राखीगढ़ी हरियाणा के हिसार जिले का एक गाँव है। यह गाँव घग्गर–हाकरा के मैदान में स्थित है। वर्ष 2014 की पुरातात्विक खोजों में इसे सबसे बड़े भारतीय हड़प्पा सभ्यता स्थल के रूप में संस्थापित किया गया था।
   - इस स्थल की खोज 1969 में सूरजभान ने की थी।
   - इस स्थल का उत्खन्न व्यापक पैमाने पर 1997-99 में अमरेन्द्र नाथ द्वारा किया गया।

10. (B) सिंधु-सभ्यता का प्राचीन बंदरगाह व एकमात्र बंदरगाह लोथल था।
    लोथल साबरमती नदी और उसकी सहायक नदी भोगवा के बीच स्थित है।
    लोथल वर्तमान भारतीय राज्य गुजरात में खंभाल की खाड़ी में स्थित है।

11. (A) हड़प्पन लिपि चित्रात्मक (पिक्टोग्राफ) है क्योंकि इसके चिह्न पक्षियों, मछली, मानव रूपों की किस्मों आदि का प्रतिनिधत्व करते हैं। इसको अंग्रेजी में (Boustro Phedon) (ब्रस्ट्रोफेदेन) लिपी कहते है। यह दाईं से बाईं ओर बाईं से दाईं लिखी जाती थी जो सर्पीलाकार होती थी।

12. (B) ● हड़प्पा स्थल रावी नदी के तट पर स्थित है।
    - हड़प्पा सिन्धु सभ्यता के विशाल राजधानी शहरों के अवशेषों को दिया गया नाम है। हड़प्पा पाकिस्तान के प्रसिद्ध स्थलों में से एक है, जो मध्यवर्ती पंजाब में स्थित है। प्राचीन शहर के स्थल में कांस्य युग के किलेदार शहर के खंडहर हैं, जो सिंध और पंजाब में केंद्रित हैं, इसकी खोज 1921 में दयाराम साहनी द्वारा की गई थी। इनके साथ माधव स्वरूप तथा मार्तीमर व्हीलर थे।

### 3. वैदिक सभ्यता

13. (D) यजुर्वेद में श्वेताश्वतरोपनिषद् सन्निहित है। प्राचीन साहित्य में कुल 108 उपनिषदों का उल्लेख प्राप्त होता है, ऋग्वेद के उपनिषदों में ऐतरेय और कौषीतकि, अर्थवेद का अथर्वशिखा तथा सामवेद का छन्दोग्य प्रमुख उपनिषद् हैं, उपनिषद् प्रायः प्राचीन दार्शनिक ग्रंथ हैं।

14. (A) ● वेदों की कुल संख्या चार हैं। जिनमें ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद को शामिल किया गया है।
    - वेदों में सभी प्रकार का ज्ञान समाहित हैं। जैसे—ईश्वर, ज्योतिष, विज्ञान, गणित, औषधि, खगोल, भूगोल, इतिहास, तंत्र-मंत्र, जादू-टोना, यज्ञ, संगीत समस्त प्रकार के ज्ञान से भरे हुए स्रोत हैं।
    - इसलिए वेद ही हिन्दू धर्म के प्राचीन का प्रथम ग्रंथ माने जाते हैं। इन्हें श्रुति भी कहा जाता है। इन्हें अपौरुषेय माना जाता है अर्थात् जिनकी रचना किसी व्यक्ति द्वारा नहीं बल्कि ईश्वर द्वारा की गई है।

**15.** (C) • ऋग्वेद वैदिक संस्कृत भजनों का एक प्राचीन भारतीय संग्रह है। इसमें 10 मंडल हैं।
- ऋग्वेद में 10 मण्डल, 1028 सूक्त और वर्तमान में 10,462 मन्त्र हैं।
- ऋग्वेद सनातन धर्म का सबसे आरम्भिक स्रोत है।
- यह इंडो-यूरोपियन भाषा समूह के सबसे पुराने मौजूदा ग्रन्थों में से एक हैं।
- ऋग्वेद में 33 देवताओं का उल्लेख है।
- इस वेद में बहुदेववाद, एकेश्वरवाद, एकात्मवाद का वर्णन है।
- इस वेद में 25 नदियों का उल्लेख है।

**16.** (C) • ग्रामिका एक भारतीय दर्शन का विद्यालय नहीं है।
- भारतीय दर्शन के विद्यालय मनुष्य को आध्यात्मिक दुनिया से संबंधित करने की कोशिश कहते हैं।
- भारतीय दर्शन के 6 विद्यालय हैं—न्यायदर्शन, वैशेषिक दर्शन, सांख्य दर्शन, योग दर्शन, मीमांसा दर्शन, वेदांत दर्शन।

**17.** (B) • प्राचीन भारत में सबसे छोटे अविभाज्य कण का पहला सिद्धांत जिसे परमाणु के नाम से जाना जाता है वह वैशेषिक सूत्र में वर्णित है।
- वैशेषिक सूत्र कणाद मुनि द्वारा रचित वैशेषिक दर्शन का मुख्य ग्रन्थ है।
- इस पर अनेक टीकाएं लिखी गयीं हैं जिसमें प्रशस्तपाद द्वारा रचित पदार्थ धर्मसंग्रह प्रसिद्ध है। कणाद एक ऋषि थे।
- सुश्रुत संहिता, आचार्य सुश्रुत द्वारा रचित शल्य चिकित्सा का ग्रंथ है। सुश्रुत को शल्य चिकित्सा का जनक माना जाता है।
- रसरत्नाकर आयुर्वेद पर लिखित नागार्जुन का ग्रंथ है।
- वृहद संहिता की रचना भारतीय खगोलशास्त्री बाराह मिहिर द्वारा की गयी।

**18.** (B) • वेदों में से सामवेद को गीत और संगीत के वेद के रूप में जाना जाता है।
- साम का अर्थ ही संगीत है।
- सामवेद को मंत्रों और धुनों का वेद माना जाता है। इसमें मंत्रों को लयबद्ध किया गया।
- यह भारतीय संगीत का प्राचीनत्तम ग्रंथ है।
- सामवेद उपवेद गन्धर्व वेद है।

**19.** (D) • मीमांसा शब्द का अर्थ है, जिज्ञासा अर्थात् जानने की लालसा।
- इसके प्रवर्तक महर्षि जैमिनि हैं।
- इस ग्रंथ में 12 अध्याय, 60 पद और 2639 सूत्र हैं।
- मीमांसा सिद्धान्त में वक्तव्य के दो विभाग हैं—पहला है अपरिहार्य विधि जिसमें उत्पत्ति, विनियोग, प्रयोग और अधिकार विधियाँ शामिल हैं। दूसरा विभाग है अर्थवाद जिसमें स्तुति और व्याख्या की प्रधानता है।

**20.** (A) बलराम नारायणीयोपाख्यान' में वर्णित व्यूह सिद्धान्त के अनुसार विष्णु के चार रूपों में दूसरा रूप संकर्षण है, संकर्षण बलराम का अन्य नाम है जो श्री कृष्ण के भाई थे, कृषि हल आमतौर पर बलराम चित्रित हथियार है।

**21.** (B) सांख्य दर्शन भारत के छः दर्शनों में से एक है और इसके प्रतिपादक महर्षि कपिल मुनि हैं। योगदर्शन, न्याय दर्शन, पूर्व मीमांसा, वैशेषिक दर्शन एवं उत्तर मीमांसा दर्शन के प्रणेता क्रमशः पतंजलि, गौतम, जैमिनी, कणाद एवं बादरायण माने जाते हैं।

## 4. छठी शताब्दी के धार्मिक आन्दोलन (बौद्ध तथा जैन धर्म)

**22.** (C) त्रिपिटक शास्त्रों के सिद्धांत (कैनन ऑफ स्क्रिप्चरस) बौद्ध के लिए शब्द है। स्मरण रहे बौद्ध धर्म की स्थापना गौतम बुद्ध ने की थी। बौद्ध धर्म ब्राह्मण धर्म के कर्मकाण्डों और जाति व्यवस्था के विरोध में अस्तित्व में आया था। बौद्ध धर्म के महत्वपूर्ण, नैतिक और धार्मिक सिद्धांत तीन ग्रंथों में संग्रहीत हैं जिन्हें त्रिपिटक कहा जाता है। यह त्रिपिटिक इस प्रकार हैं, अभिधम्म पिटिक, विनय पिटिक, सुप्त पिटिक आदि।

**23.** (B) बौद्ध परिषदों की कुल संख्या 6 है, बौद्ध धर्म की प्रथम परिषद् का आयोजन मगध के शासक अजातशत्रु के समय, द्वितीय परिषद् का आयोजन कालशोक के समय, तृतीय परिषद् का आयोजन मौर्य शासक अशोक के समय, चतुर्थ परिषद् का आयोजन  कुषाण शासक कनिष्क के समय हुआ। सातवीं शताब्दी के पुष्यभूति वंश के शासक हर्षवर्धन ने दो बार परिषदों (महामोक्ष परिषद्) का आयोजन प्रयागराज में करवाया था, जिन्हें क्रमशः पाँचवीं व छठवीं परिषद् कहा जाता है।

**24.** (D) गौतम बुद्ध तथा महावीर दोनों एक–दूसरे के समकालीन थे। महावीर का जीवन काल 540-468 ईसा पूर्व है तथा बुद्ध का 563-483 ईसा पूर्व है। दोनों ने ही आत्मा के अस्तित्व पर जोर दिया।

गौतम बुद्ध बौद्ध धर्म के संस्थापक और महावीर स्वामी जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक है।

**25.** (C) तीसरी बौद्ध परिषद् या संगीती का आयोजन 250 ईसा पूर्व में पाटलिपुत्र में किया गया था। इस संगीती के समय अशोक का शासन था। इसकी अध्यक्षता मोगलीपुत्त तिस्स ने की थी। इसमे 'अभिधम्म पिटक' को जोड़ा गया इसमें बौद्ध मतों की दार्शनिक व्यख्या की गई है। इसकी रचना मोगलीपुत्त तिब्बत ने की थी।

**26.** (A) • दिगंबर और श्वेतांबर जैन भारतीय धर्म की उप–पंत्यराएँ हैं।
- दुनिया के सबसे प्राचीन धर्म को श्रमणों का धर्म कहा जाता है। जैन धर्म के संस्थापक ऋषभ देव को माना जाता है, जो जैन धर्म के पहले तीर्थंकर थे। इसके वास्तविक संस्थापक 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी को माना जाता है।
- जैन धर्म दो भागों में विभाजित हैं—श्वेतांबर जो सफेद कपड़े पहनते हैं और दिगंबर जो नग्नावस्था में रहते हैं।

**27.** (D) • अंगुत्तर निकाय बौद्ध धर्म से सम्बन्धित एक महत्वपूर्ण ग्रंथ हैं।
- यह सुत्तपिटक के पाँच निकायों में से चौथा निकाय है। अंगुत्तर निकाय में गौतम बुद्ध और उनके मुख्य शिष्यों के हजारों उपदेश संगृहीत हैं।
- अंगुत्तर निकाय का हिन्दी अनुवाद भदन्त आनन्द कौसल्यायन ने किया है जिसे महाबोधि सभा, कलकत्ता द्वारा प्रकाशित किया गया है।
- अंगुत्तर निकाय में सोलह महाजनपदों का उल्लेख मिलता है।

**28.** (A) • महायान का अर्थ है महान वाहन। हीनयान का अर्थ है छोटा वाहन या कम वाहन। ये बौद्ध धर्म के दो मुख्य सम्प्रदाय हैं।
- बौद्ध धर्म की चतुर्थ बौद्ध संगति का अयोजन कनिष्क के समय कश्मीर के कुण्डलवन में हुआ था इसी संगति में बौद्ध धर्म दो भागों मे बँट गया महायान और हीनयान।
- महायान शाखा/सम्प्रदाय का उदय प्रथम शताब्दी के आस–पास माना जाता है इसे पूर्वी शाखा के रूप मे जाना जाता था। भक्ति और पूजा की भावना के कारण इसकी ओर आमजन सरलता से आकृष्ट हुए। इस शाखा में बुद्ध को देवता के रूप में माना और मूर्ति पूजा मे विश्वास करते हैं। इसके मुख्य सिद्धान्त सभी प्राणियों के लिए दुख से सार्वभौमिक मुक्ति की सम्भावना

पर आधारित थे। इस सम्प्रदाय से अश्वघोष, नागार्जुन और असंग मुख्य रूप से जुड़े हैं।

- हीनयान बौद्ध धर्म के आदि स्वरूप को मानती है। यह मूर्ति पूजा में विश्वास नहीं करते हैं और आत्म अनुशासन तथा ध्यान के माध्यम से व्यक्तिगत मोक्ष प्राप्त करने का प्रयास करते हैं थेरवाद हीनयान सम्प्रदाय का एक भाग है। थेरवाद या हीनयान बुद्ध के मौलिक उपदेशों को ही मानता है।

**29.** (B) ● मिलिंदपन्ह एक बौद्ध ग्रंथ है जो शुरू में संस्कृत भाषा में लिखा गया होगा।
- बौद्ध धर्म के मिलिन्दपन्ह ग्रन्थ (मिलिंदपन्ह) से ईसा की प्रथम दो शताब्दियों के भारतीय जन–जीवन के विषय में जानकारी मिलती है। इस ग्रन्थ में यूनानी नरेश मिनेण्डर (मिलिन्द) एवं बौद्ध भिक्षु नागसेन के बीच बौद्ध मत पर वार्तालाप का वर्णन है।
- मिलिंदपन्ह का अर्थ है राजा मिलिंद (मिनाण्डर) के प्रश्न।

**30.** (D) ● जैन धर्म ने अनुव्रत की अवधारणा प्रदान की।
- जैन धर्म के अनुसार श्रावक अनुव्रतों का पालन करते हैं।
- अनुव्रत का अर्थ लघुव्रत या महाव्रत होता है।
- महाव्रत साधुओं के लिए बनाये जाते हैं।
- अनुव्रत की संख्या पाँच होती है—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह।
- अनुव्रत आचार संहिता के लिये ग्यारह नियम का संग्रह हैं।

**31.** (D) ● बुद्ध का प्रथम उपदेश ऋपित्रम् (सारनाथ) में हुआ और यह घटना धर्मचक्र प्रवर्तन कहलायी।
- गौतमबुद्ध एक श्रमण थे जिनकी शिक्षाओं पर बौद्धधर्म का प्रचलन हुआ इनका जन्म लुंबिनी में 563 ईसा पूर्व इक्षवाकु वंशीय क्षेत्रिय शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर में हुआ था।
- इनका ज्ञानोदय स्थल बोधगया था, इनकी मृत्यु कुशीनगर में हुई थी।

**32.** (A) ● 'तीर्थंकर' जैन धर्म से सम्बन्धित है।
- जैन धर्म में तीर्थंकर धर्म (धार्मिक मार्ग) का एक उद्धारक और आध्यात्मिक शिक्षक होता है।
- जैन धर्म के अनुसार, तीर्थंकर एक दुर्लभ व्यक्ति होता है जिसने संसार मृत्यु और पुर्नजन्म के चक्र पर विजय प्राप्त की है, और दूसरों के लिए अनुसरणीय मार्ग बनाया है। अर्थात् उन 'जिनों' एवं महात्माओं को तीर्थंकर कहा गया है, जिन्होंने प्रवर्तन किया, उपदेश दिया और असंख्य जीवों को इस संसार से 'तार' दिया।

**33.** (A) ● एक प्रकार के धार्मिक साहित्य जातक बौद्ध धर्म से सम्बन्धित हैं।
- बौद्ध धर्म भारत की श्रमण परम्परा से निकला ज्ञान धर्म और दर्शन है।
- जातक कथाओं में गौतम बुद्ध के पूर्व जन्मों की महानियों का उल्लेख है।

## 5. छठी शताब्दी पूर्व राजनैतिक दशा (महाजनपद काल)

**34.** (A) ● पांडवों के शासन के दौरान **दिल्ली** को '**इंद्रप्रस्थ**' कहा जाता था। क्योंकि दिल्ली शहर की स्थापना पांडवों ने की थी, उन्होंने इसका नाम **इंद्रप्रस्थ** रखा था।
- राजा तोमर ने इस इंद्रप्रस्थ शहर को अपने राज्य की राजधानी के रूप में स्थापित किया जिसके बाद में चौहानों ने जीत लिया था।

**35.** (C) वज्जी महाजनपद की राजधानी वैशाली थी। वज्जी राज्य विहार में गंगा नदी के उत्तर में स्थित था। इसमें बिहार के वैशाली और मुजफ्फरपुर जिले शामिल थे। कौशल की राजधानी श्रावस्ती थी। काशी महाजनपद की राजधानी वाराणसी थी। मगध महाजनपद की राजधानी पाटलिपुत्र थी।

**36.** (D) ● सिंधु घाटी के बाद एक प्रमुख सभ्यता महाजनपद लौह युग में स्थापित हुआ था, चूंकि सिंधु सभ्यता एक ताम्र–पाषाण युग की सभ्यता थी। इस काल तक लौह धातु की जानकारी इस सभ्यता के लोगों को नहीं थी।
- महाजनपद काल को द्वितीय नगरीकरण की भी संज्ञा दी जाती है, इसी समय छठवीं शताब्दी ई. पू. में लोहे की खोज ने नगरीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

**37.** (A) ● महाजनपद, प्राचीन भारत में राज्य या प्रशासनिक इकाईयों को कहते थे।
- छठी शताब्दी ई.पू. में उत्तर भारत में 16 महाजनपदों का उदय हुआ। ऋग्वेद के जन उत्तर-वैदिक काल में जनपदों में परिवर्तित हो गये थे और यही जनपद बुद्ध काल में महाजनपदों में बदल गये। बौद्ध ग्रन्थ अंगुत्तर निकाय और जैन ग्रन्थ भगौती सूत्र में इन 16 महाजनपदों का उल्लेख मिलता है। ये निम्नलिखित थे—
- (1) कम्बोज महाजनपद
- (2) गान्धार महाजनपद
- (3) अश्मक महाजनपद
- (4) मगध महाजनपद
- (5) अंग महाजनपद
- (6) वज्जि महाजनपद
- (7) काशी महाजनपद
- (8) कोशल महाजनपद
- (9) मल्ल महाजनपद
- (10) वत्स महाजनपद
- (11) पांचाल महाजनपद
- (12) शूरसेन महाजनपद
- (13) कुरु महाजनपद
- (14) मत्स्य महाजनपद
- (15) चेदि महाजनपद
- (16 अवन्ति महाजनपद

**38.** (C) ● झेलम और चिनाब नदियों के बीच के राज्य का शासक राजा पोरस एक बहादुर राजा थे जिन्हें पुरु, पर्वतक या पुरुवास नाम से भी जाना जाता है।
- वे सिकंदर से युद्ध में लोहा लेने के कारण आज भी याद किए जाते हैं।
- उनका राज्यकाल 340-315 ई. पू. माना जाता है।

## 6. मौर्य काल

**39.** (B) I. मेगस्थनीज सेल्यूकस निकेटर का राजदूत था कथन सही है।
II. अशोक ऐसे पहले शासक थे जिन्होंने अभिलेखों द्वारा जनता तक अपने संदेशों को पहुँचाने की कोशिश की थी कथन सही है। अतः कथन I तथा II दोनों सही हैं।

**40.** (D) मौर्यवंशीय सम्राट अशोक वह शासक थे जिन्होंने वर्ष 261 ई.पू. कलिंग युद्ध में भयावह रक्तपात देखकर युद्ध करना छोड़ दिया तथा बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। उपगुप्त नामक बौद्ध भिक्षु से बौद्ध धर्म की शिक्षा ग्रहण की।
- अशोक को प्रियदर्शी और देवानाम्प्रिय भी कहा गया है।

**41.** (C) मेगस्थनीज यूनान का एक राजदूत था जो चन्द्रगुप्त के दरबार में आया था। यूनानी शासक सेल्यूकस ने भारत में राज्यविस्तार की इच्छा से 305 ई. पू. में भारत पर आक्रमण किया था, किंतु उसे संधि करनी पड़ी। इसकी प्रसिद्ध रचना 'इंडिका' है, जो उस समय के भारतीय समाज का वर्णन करती है।

**42.** (D) ● चन्द्रगुप्त मौर्य अशोक का दादा था।
- अशोक का जन्म मौर्य सम्राट बिंदुसार और सुभद्रांगी से हुआ था। वह मौर्य

वंश के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य का पोता था। अशोक ने लगभग समस्त भारतीय उपमहाद्वीप पर 269 से 232 ईसा पूर्व तक शासन किया। सम्राट अशोक को देवानांप्रिय प्रियदर्शी आदि नामों से भी जाना जाता है।

## 7. मौर्योत्तर काल

**43.** (A) 'बुद्धचरित' और 'सौन्दरानन्द' का लेखक अश्वघोष राजा कनिष्क का समकालीन था। उसे संस्कृत भाषा का प्रथम नाटककार और कालिदास से पूर्व भारत का महान कवि माना जाता है। कनिष्क द्वितीय शताब्दी में कुषाण राजवंश का भारत का एक महान सम्राट था।

**44.** (C) बाणभट्ट हर्षवर्धन के राजकवि थे। इन्होंने हर्षचरितम् नामक पुस्तक की रचना की है। हर्षवर्धन ने स्वयं रत्नावली, प्रियदर्शिका, नागानंद जैसी पुस्तकों की रचना की।

**45.** (B) सातवाहन शासकों को 'दक्षिणपथ के स्वामी' नाम से जाना जाता है। सातवाहन वंश का संस्थापक सिमुक था। इस वंश का सबसे महत्वपूर्ण शासक गौतमी पुत्र शातकर्णी था तथा उसकी उपलब्धियों का वर्णन नासिक अभिलेख से मिलता है।
- सातवाहन दक्कन और मध्य भारत में मौर्यों के उत्तराधिकारी बने।
- सातवाहनों की राजधानी प्रतिष्ठान/पैठान थी।

**46.** (C)
- कुषाण काल में सबसे बड़ा विकास कला क्षेत्र में हुआ था।
- कुषाण शासकों को लगभग तीन शताब्दियों की अवधि के लिए दर्ज किया गया है, लगभग 30 ईस्वी से लगभग 375 ई० तक।
- किदारियों के आक्रमण तक उन्होंने पश्चिमी क्षत्रपों, सात वाहनों और पहले गुप्त साम्राज्य के शासकों के समान ही शासन किया।

**47.** (A)
- मौर्य प्रशासन में कर्मतिका, उद्योग एवं कारखानों का प्रधान निरीक्षक हुआ करता था।
- सन्निधाताः राजकीय कोषाध्यक्ष
- सेनापतिः युद्ध विभाग का मंत्री
- पुरोहितः प्रमुख धर्माधिकारी तथा प्रधानमंत्री।

**48.** (A)
- मौर्य सम्राट बिन्दुसार को अमित्रघाट के नाम से भी जाना जाता है। बिन्दुसार को 'पिता के पुत्र और पुत्र के पिता' के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि वह चन्द्रगुप्त मौर्य के पुत्र और अशोक "महान" के पिता थे। बिन्दुसार भारत का दूसरा मौर्य सम्राट था।
- बिन्दुसार सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य के पुत्र तथा महान मौर्य सम्राट अशोक के पिता थे।
- बिन्दुसार के शासन में तक्षशिला के लोगों ने दो बार विद्रोह किया। पहली बार विद्रोह बिन्दुसार के बड़े पुत्र सुशीमा के कुप्रशासन के कारण हुआ। दूसरे विद्रोह का कारण अज्ञात है पर उसे बिन्दुसार के पुत्र अशोक ने दबा दिया।
- बिन्दुसार 297-298 ईसा पूर्व में शासक बना और उसने 272 ईसा पूर्व तक राजकाज किया।

## 8. गुप्त काल

**49.** (A) चन्द्रगुप्त II को चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के नाम से भी जाना जाता है। इसी के दरबार में प्रसिद्ध कवि कालिदास तथा खगोलशास्त्री आर्यभट्ट निवास करते थे। वह इसके नवरत्नों में शामिल थे।
- कालिदास को भारत का शेक्सपियर कहा जाता है और इनका जन्म सम्भवतः उज्जैन माना जाता है।
- आर्यभट्ट का जन्म 476 ईस्वी में पटना (कुसुमपुर) मे हुआ था इन्होंने ही सर्वप्रथम बताया पृथ्वी गोल है और अपनी धुरी पर घूमती है। जिसके कारण रात-दिन होते हैं।

**50.** (B)
- चंद्रगुप्त प्रथम ने महाराजाधिराज की उपाधि धारण की थी।
- चंद्रगुप्त प्रथम गुप्त राजा घटोत्कच के पुत्र थे और राजवंश के संस्थापक श्री गुप्त के पोते थे, दोनों को इलाहाबाद (प्रयागराज) स्तंभ शिलालेख में महाराजा कहा गया है।
- वह अगले उत्तराधिकारी समुद्रगुप्त के पिता भी थे।

**51.** (A)
- चन्द्रगुप्त द्वितीय को चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य या विक्रमादित्य के नाम से भी जाना जाता है।
- यह भारत के महानतम एवं सर्वाधिक शक्तिशाली सम्राट थे। उनका राज्य 375-414 ई. तक चला जिसमें गुप्त राजवंश ने अपना शिखर प्राप्त किया।
- समुद्रगुप्त को भारत का नेपोलियन कहा जाता है। कुमारगुप्त ने बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय बनवाया।
- स्कंदगुप्त के समय भारत पर पहली बार हूणों द्वारा आक्रमण किया गया।

**52.** (D)
- प्रयाग प्रशस्ति समुद्रगुप्त की प्रशंसा में लिखी गई।
- समुद्रगुप्त राजवंश के चौथे राजा और चन्द्रगुप्त प्रथम के उत्तराधिकारी थे।
- पाटलिपुत्र उनके साम्राज्य की राजधानी थी।
- इतिहासकार विंसेट स्मिथ ने समुद्रगुप्त को भारत का नेपोलियन' की संज्ञा दी।

**53.** (C)
- समुद्रगुप्त के पुत्र और चन्द्रगुप्त I के पौत्र चन्द्रगुप्त II (380 से 415 ई.) ने पश्चिमी भारत में उज्जैन को जीतने के बाद विक्रमादित्य (वीरता का सूर्य) की उपाधि धारण की थी। देवराज, देवश्री, देवगुप्त, परमभागवत्, विक्रमांक, महाराजधिराज, श्रीविक्रम, नरेन्द्रचन्द्र आदि उपाधियाँ चन्द्रगुप्त II से सम्बन्धित है।
- भारतीय इतिहास में कुल 14 विक्रमादित्य हुए है अन्तिम विक्रमादित्य हेमू था।

## 9. गुप्तोत्तर काल

**54.** (D) I. एहोल चालुक्य वंश की राजधानी थी कथन सही है।
II. हर्षचरित बाणभट्ट द्वारा लिखा गया था, कथन सही है।
ऐहोल को मंदिरों का नगर कहा जाता था तथा बाणभट्ट हर्षवर्धन का दरबारी कवि था। अतः कथन I तथा II दोनों सही हैं।

**55.** (C)
- चीनी यात्री ह्वेनसांग, हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आया था।
- वह भरत में अपनी सत्रह साल की ओवरलैंड यात्रा के लिए प्रसिद्ध हुए। ह्वेनसांग को 'यात्रियों में राजकुमार' कहा गया।
- उसने अपनी पुस्तक सी-यू-की में अपनी यात्रा तथा तत्कालीन भारत का विवरण दिया है।
- उसके वर्णनों से हर्षकालीन भारत की सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक अवस्था का परिचय मिलता है।

## 10. संगम काल तथा दक्षिण भारतीय राज्य

**56.** (D) गौतमीपुत्र शातकर्णी सातवाहन वंश के राजा थे। गौतम पुत्र शातकर्णी को सातवाहन वंश ही नहीं भारतीय इतिहास के महानतम शासकों में से एक माना जाता है। गौतमीपुत्र का अधिकार संपूर्ण प्रायद्वीपीय क्षेत्र (भाग) पर था, कहा जाता है कि उसके घोड़े तीन समुद्रों का पानी पिया करते थे। सातवाहन वंश की राजधानी प्रतिष्ठान (महाराष्ट्र) में थी।

**57.** (B) राजराज I चोल वंश के शासक थे, राजराज को भारतीय इतिहास में पूर्व मध्यकाल का महानतम शासक माना जाता है, उसने न केवल दक्षिण के शासकों को पराजित किया बल्कि श्रीलंका को विजित कर उसकी प्राचीन राजधानी अनुराधापुरम को नष्ट कर दिया, उसके स्थान पर पोल्लनरुआ को नई राजधानी बनाया

था, वह शिव का अनन्य भक्त था, उसने अपनी राजधानी तंजावुर में बृहदीश्वर (राजराजेश्वर) मंदिर का निर्माण करवाया था।

**58.** (C) • चालुक्य की राजधानी एहोल थी।
- यह चालुक्यों की पहली राजधानी थी, जहाँ उन्होंने छठी शताब्दी ईस्वी पूर्व में कई मंदिरों का निर्माण किया।
- पुलकेशिन चालुक्य वंश का संस्थापक था।
- चालुक्य वंश यह 543 ई. से 755 ई. तक रहा।
- भारत के कर्नाटक राज्य में ऐहोल को भारतीय वास्तुकला का अनुपम उदाहरण माना जाता है।

**59.** (D) • पुष्यभूति राजवंश, जिसे वर्धनवंश के रूप में भी जाना जाता है, ने छठी और सातवीं शताब्दी के दौरान उत्तरी भारत के कुछ हिस्सों पर शासन किया। इस राजवंश के एक प्रसिद्ध शासक हर्षवर्धन पुष्यभूति राजवंश के थे।
- जिसने उत्तरी भारत में 606 ई. से 647 ई. तक राज किया।
- हर्षवर्धन के समय प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसांग भारत आया। ह्वेनसांग ने हर्ष को 'शिलादित्य' कहा है।
- शुंग वंश की स्थापना पुष्यमित्र शुंग द्वारा अंतिम मौर्य शासक बृहद्रथ की हत्या कर 185 ई. में की थी।
- गुर्जर–प्रतिहार राजवंश गुजरात व दक्षिण–पश्चिम राजस्थान का था। प्रतिहारों के अभिलेखों में उन्हें लक्ष्मण का वंशज बताया गया है। इस वंश का सर्वाधिक महत्वपूर्ण शासक मिहिरभोज प्रथम था।

## 11. पूर्व मध्य काल

**60.** (D) • आधुनिक भारत का बारंगल शहर काकतीय राजवंश से संबंधित है। यह राजवंश दक्षिणी भारत का एक साम्राज्य था जो आन्ध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के क्षेत्रों में 1083 ई. से 1323 ई. के दौरान शासन करता था।
- काकतीय राजवंश को कई लम्बे समय तक शासन करने वाले महान तेलुगु साम्राज्यों में से एक माना जाता है।

**61.** (C) • आल्हा और उदल दो भाई थे, ये बुन्देलखण्ड के माहोबा के वीर योद्धा सेनापति एवं चंदेल शासक परमर्दिदेव के सामंत थे।
- आल्हा और उदल नाम के प्रसिद्ध योद्धा चंदेल शासकों के घराने की सेवा में थे।
- इन वीरों योद्धाओं ने आखिरी लड़ाई पृथ्वीराज चौहान के विरुद्ध लड़ी थी।
- जगनिक नाम के एक कवि ने आल्हा खण्ड नामक एक काव्य रचा था, उसमें इन वीरों की गाथा वर्णित है।

**62.** (A) • पाल वंश भारत के बंगाल क्षेत्र में स्थित था।
- पाल वंश का शासन पूर्वी भारत पर 750 ई. से 1161 ई. तक रहा। इसका प्रथम शासक गोपाल रहा इसने ही पाल वंश की स्थापना 750 ई. में की थी।
- गोपाल का पुत्र धर्मपाल इस वंश का पहला महान शासक हुआ। इसके ही समय में पाल वंश का विस्तार हुआ और इसी के समय में कन्नौज त्रिपक्षीय संघर्ष का आरम्भ हुआ।
- गोपाल प्रथम गौड़ (उत्तरी बंगाल) पाल वंश का प्रथम राजा तथा बंगाल और बिहार पर लगभग चार शताब्दी तक शासन करने वाले पाल वंश का संस्थापक था।
- पाल वंश का अन्तिम शासक गोविन्द पाल था जिसने 1174 तक शासन किया जिसके बाद बंगाल में सेन वंश का उदय हुआ। पाल वंश की राजधानी मुंगेर थी जो वर्तमान में बिहार में स्थित है।

## 12. विविध

**63.** (B) • हाइरोग्लिफ प्राचीन मिस्र के लेखन प्रणाली का एक चित्र था। इन्हें चित्रलिपि भी कहा जाता है।
- मिस्र और अन्य प्राचीन लोग अपने स्मारकों में चित्रलिपि का उपयोग करते थे। मिस्र की यह लिपि पूरी तरह से चित्रों पर निर्भर थी।

**64.** (C) • मेन्युस्क्रिप्ट प्रायः ताड़पत्र पर लिखी जाती थी।
- मेन्युस्क्रिप्ट को हिन्दी भाषा में पाण्डुलिपि कहा जाता है।
- पाण्डुलिपि एक दस्तावेज है जो हाथों से लिखी जाती है।
- ताड़पत्र पर लेखन लौह लेखनी से लिखे जाते थे।
- पाण्डुलिपि विज्ञान के अंतर्गत प्राचीन ताड़पत्र पर लिखी दुर्लभ पुरालेखविधा का अध्ययन किया जाता है।

**65.** (C) • द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा थे। अश्वत्थामा भी अपने पिता की तरह शास्त्र व शस्त्र विद्या में निपुण थे।
- महाभारत के युद्ध में इन्होंने सक्रिय भाग लिया। युद्ध में ये कौरव पक्ष के सेनापति थे। इन्होंने कुंतिभोज के दस पुत्रों का वध किया,जिन्होंने घटोत्कच के पुत्र अंजनपर्वा का वध किया।
- युयुत्स् दुर्योधन का सौतेला भाई था, जिसने पांडवों का साथ दिया।

**66.** (C) • प्राचीन इतिहास के अनुसार भगवान राम के पुत्र लव की नगरी, लवपुरी लाहौर शहर का प्राचीन नाम था।
- लाहौर पाकिस्तान के प्रांत पंजाब की राजधानी है एवं कराची के बाद पाकिस्तान में दूसरा सबसे बड़ा आबादी वाला शहर है।
- लाहौर को अक्सर बागों के शहर के रूप में भी जाना जाता है।

**67.** (C) • सिन्धु नदी जिस स्थान के पास एक सहायक नदी के रूप में मिलती है वह नदी काबुल है।
- काबुल अफगानिस्तान का सबसे बड़ा शहर और राजधानी है।
- यह अफगानिस्तान का आर्थिक और सांस्कृतिक केन्द्र भी है काबुल का प्राचीन नाम कन्धार था।
- भारत के प्राचीन ग्रन्थ महाभारत में इसे गंधार प्रदेश कहा जाता था।

**68.** (A) • नालंदा की स्थापना पाँचवी शताब्दी ईस्वी दसवीं में हुई थी।
- नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त शासक कुमारगुप्त प्रथम ने की थी।
- नालंदा प्राचीन काल का सबसे बड़ा अध्ययन केन्द्र था।
- यह विश्वविद्यालय बौद्ध धर्म की संस्कृति से संबंधित था।
- तुर्की आक्रांता बख्तियार खिलजी के द्वारा 1199 ईस्वी में नालंदा विश्वविद्यालय में आग लगाई गई थी।

❑❑